दैनिक जागरण २५.१२.२०१९

# नए पेराई सत्र के लिए तय किया गया गन्ना का मूल्य

राज्य ब्यूरो, पटना : बिहार सुगर मिल्स एसोसिएशन की गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव सुधीर कुमार के साथ हुई बैठक में वर्तमान पेराई सत्र के लिए गन्ना के मूल्य का निर्धारण कर दिया गया। यह बैठक पिछले माह 25 नवंबर को एसोसिएशन की गन्ना उद्योग मंत्री बीमा भारती के साथ हुई बैठक में बनी सहमति के आधार पर हुई। गन्ना के उच्चतम प्रभेद की कीमत 310 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई जबकि सामान्य गन्ना का मूल्य 290 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। इसी प्रकार निम्न प्रजाति के गन्ना के लिए 265 रुपये प्रति क्विंटल की कीमत तय हुई है।

एसोसिएशन के सचिव नरेश भट्ट ने बताया कि रविवार को अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों की समस्या को देखते हुए पिछले पेराई सत्र में मिलों को भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद गन्ने की खेती एवं गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए गन्ना मूल्य में कोई कटौती नहीं करते हुए वर्तमान सत्र के लिए भी पिछले साल की ही दर को बनाए रखने के लिए निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन की ओर से यह भी अनुरोध किया गया कि उनकी अनुदान की मांग पर सरकार गंभीरतापर्वक विचार करे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में क्षेत्रीय विकास परिषद कमीशन की दर कुल गन्ना मूल्य के 0.75 प्रतिशत में से सरकार द्वारा 0.55 प्रतिशत अनुदान देने के बाद 0.20 प्रतिशत देय होगी।